ÖAMTC

## ऑस्ट्रिया में गैर–इइए ड्राइविंग लाइसेंस

गैर-इइएError! Bookmark not defined. देशों द्वारा जारी किए गए ड्राइविंग लाइसेंस की ऑस्ट्रिया में सीमित मान्यता है। कुछ देशों (*) के लाइसेंस बिलकुल भी इस्तेमाल नहीं किए जा सकते हैं। यदि आप ऑस्ट्रिया में लंबे समय तक रहेंगे या ऑस्ट्रिया के निवासी बन गए हैं तो आपको अपने पुराने लाइसेंस के बदले आस्ट्रियन लाइसेंस लेना होगा। यह नियम उन आस्ट्रिया के नागरिकों पर भी लागू है जिनके पास गैर-इइए लाइसेंस है।

**मान्यता**

यदि **आप ऑस्ट्रिया के निवासी नहीं हैं** और आपकी उम्र १८ वर्ष से ज्यादा है तो आपका गैर- ऑस्ट्रियन ड्राइविंग लाइसेंस आप के देश में प्रवेश होने के दिन से **१२ महिने तक के लिए मान्य रहेगा।**

यदि आप **ऑस्ट्रिया के निवासी** बन गए हैं और यदि आपकी उम्र १८ वर्ष से ज्यादा है तो आपका गैर- ऑस्ट्रियाई ड्राइविंग लाइसेंस **आपके निवासी बनने के दिन से ६ महिने तक के लिए मान्य रहेगा।** इन ६ महिनों के बाद आप अपना गैर-इइए लाइसेंस और इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे।

अगर आपका राष्ट्रिय ड्राइविंग लाइसेन्स जर्मन भाषा में है और यह वर्ग ए से ई तक विभजित है तो आप ऑस्ट्रिया के अंदर अपना विदेशी ड्राइविंग लाइसेंस बिना अनुवाद कराए प्रयोग कर सकते हैं।

अगर आपका लाइसेंस न तो जर्मन भाषा में है और न ही वर्ग ए से ई तक विभाजित है तो यह केवल आपके घरेलू देश से जारी किए गए अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग अनुमति या आपके लाइसेंस की सीमा की व्याख्या करते अनुवाद (जैसे कि ÖAMTC से उपलब्ध) के साथ ही मान्य होगा।

ऑस्ट्रिया में **निम्नलिखित देशों** के **ड्राइविंग लाइसेन्स** को **मान्यत नहीं दी जाएगी: *)**

| |
|---|
| अफगानिस्तान, बोलिविया, बुरुन्डी, कैमरुन, चीन, कोस्टारिका, एल साल्वाडोर, होन्डुरस, इन्डोनेशिया, कोसोवो, लिबिया, नेपाल, निकारागुआ, ओमन, सोलोमोन आइलैंड, सोमालिया,सुडान, तान्जानिया,टोंगा, यमन। |

इन देशों के लाइसेंस ऑस्ट्रिया में **ड्राइविंग के लिए प्रयोग नहीं** किए जा सकते हैं**,** इसलिए आपको ऐसा लाइसेंस होने पर किराए की गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है। लेकिन इसके **बदले** ऑस्ट्रियन लाइसेंस लेना **अभी भी संभव है**।

**ड्राइविंग लाइसेंसकिस तरह बदला जा सकता है?**

ऑस्ट्रिया के सभी ड्राइविंग लाइसेंस प्राधिकरणों में विदेशी ड्राइविंग लाइसेंस के बदले ऑस्ट्रियन लाइसेंस प्राप्त किया जा सकता है। आपका लाइसेंस जिस देश का है, उसके आधार पर ऑस्ट्रियन लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आपके मेडिकल टेस्ट के अलावा आपको ड्राइविंग परीक्षा देने की आवश्यकता हो सकती है।

1.ये देश इइए के सदस्य हैं: ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गेरिया, क्रोएशिया, साइप्रस, चेक रिपब्लिक, डेनमार्क, इस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी,ग्रीस, हंगेरी, आइसलैंड, आयरलैंड, इटली, लाटविया, लिचटेंसटेन, लिथुआनियां, लक्जमबर्ग, माल्टा, नेदरलैंड्स, नॉर्वे, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमेनियां, स्लोवाकिया, स्लोवेनियां, स्पेन, स्वीडेन, युके ।

2.यह सूची स्थाई रूप बदली जा सकती है और पूर्ण होने का दावा नहीं करती है।

निम्न गैर-इइए देशों के ड्राइविंग लाइसेंस को ऑस्ट्रिया में जारी किये गए ड्राइविंग लाइसेंस के बराबर माना जाता है और उन्हें ऑस्ट्रियन लाइसेंस में बदलने के लिये कोई **ज्ञान की परीक्षा या ड्राइविंग की परीक्षा नहीं देनी पड़ेगी**:

| |
|---|
| सब वर्गों के लिए : अन्डोरा, गर्नसी आइजल अफ म्यान, जपान, जर्सी, मोनाको, सन मारिनो, स्वीटजरलैंड, सॅयिबा, (यूके नो-डील ब्रेक्सिट की स्थिति में)<br><br>वर्ग बी के लियेः अस्ट्रेलिया, बोस्निया और हर्जगोविना, कनाडा, हांगकांग, इजरेल, न्युजिलैंड, रिपब्लिक ऑफ़ नॉर्थ मैसिडोनिया  गणतांत्रिक दक्षिण अफ्रिका, गणतांत्रिक दक्षिण कोरिया (अगर ड्राइविंग लाइसेंस १ जनवरी १९९७ के बाद जारी कि गयी है), संयुक्त अरब इमिरेट्स, संयुक्त राष्ट्र अमरिका |

जिन लोगों के पास इन देशों के डराइविंग लाइसेंस हैं, उन्हें केवल मेडिकल सर्टिफिकेट की आवश्यकता होगी।

अन्य गैर इइए देशों के ड्राइविंग लाइसेंस वालों को मेडिकल सर्टिफिकेट के अलावा प्रैक्टिकल टेस्ट भी देना होगा जिसके लिए फीस भी देनी पड़ेगी। प्रत्येक ड्राइविंग लाइसेंस की क्लास की परीक्षा देनी होगी।

गैर-इइए लाइसेंस के बदले ऑस्ट्रियन लाइसेंस जारी करते समय, प्राधिकरण जाँच करेंगे कि कोई ऐसा तथ्य न हो जो ऑस्ट्रियन लाइसेंस जारी करने के मुद्दे के खिलाफ हो। ऐसी जाँच पड़ताल में कुछ सप्ताह का समय लग सकता है।

गैर-इइए लाइसेंस आपको प्राधिकरण से प्राप्त होगा।आप प्राधिकरण से अपना नया क्रेडिट कार्ड जैसा लाइसेंस जा कर ले सकते हैं या फिर डाक से मंगा सकते हैं। लाइसेंस बदलने की लागत €६०. ५० है (टेस्ट की फीस के अलावा)।

यदि आप **ड्राइविंग टेस्ट के बिना** लाइसेंस बदलने को दे देते हैं तो आपको ऑस्ट्रिया के भीतर **ड्राइव करने की अनुमति नहीं दी जाएगी** जब तक कि आपका **नया लाइसेंस जारी नहीं होता है**। यदि आपने लाइसेंस बदलने की प्रक्रिया के दौरान सफलतापूर्वक एक या उससे ज्यादा ड्राइविंग टेस्ट पास कर लिए तो आपको 'अस्थायी ड्राइविंग लाइसेंस' जारी किया जाएगा, जब तक कि आपका पूरा ऑस्ट्रियन लाइसेंस उपलब्ध नहीं होता। इससे आप ज्यादा से ज्यादा 4 सप्ताह तक ऑस्ट्रिया में वाहन चला सकेंगे।

**अन्य किन प्रमाणों की आवश्यकता होगी?**

जिस समय आवेदक के गैर-इइए लाइसेंस जारी किए गए थे, आवेदक को तब के मुख्य निवास का प्रमाण या जारी करने वाले देश में कम से कम ६ महीने निवास करने का प्रमाण देना होगा। यह प्रमाण नहीं मांगा जाएगा यदि लाइसेंसधारी लाइसेंस जारी करने वाले देश का नागरिक है और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस ऑस्ट्रिया में रहना शुरू करने से पहले से ही था।

**कौनसा प्राधिकरण ड्राइविंग लाइसें बदलने के लिए जिम्मेदार है?**

- आप जहां रहते हैं उस बुंडेसलैंड में पुलिस निदेशालय (Landespolizeidirektion) या, विएना में, द मोटर भेहिकल डिपार्टमेंट (Verkehrsamt), या

- आप जिस जगह रहते हैं वहीं के जिला प्रशासनिक प्राधिकार (Bezirkshauptmannschaft या Magistrat).

**प्राधिकारों को किन कागजातों की आवश्यकता होगी?**

- ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन पत्र (Führerscheinantrag)
- पासपोर्ट (वीज़ा) या फोटो लगा अन्य आधिकारिक पहचान दस्तावेज
- मेडिकल सर्टिफिकेट (ärztliches Gutachten), १८ महीने से ज्यादा पुराना नहीं
- गैर-इइए ड्राइविंग लाइसेंस
- गैर-इइए ड्राइविंग लाइसेंस का अनुवाद (ÖAMTC से उपलब्ध– सदस्यों के लिए मुफ्त, गैर–सदस्य के लिए € १८)। बोस्निया और हर्जगोविना, मोंटेनेग्रो, सर्बिया,स्विट्जरलैंड ओर टर्की के लिये आवश्यक नहीं ।
- आवास रजिस्टर फॉर्म (Meldezettel)
- एक पासपोर्ट फोटो (३५ x ४५ मिमी)

ध्यान दें : विएना में प्राधिकारियों को मूल दस्तावेजों के साथ फोटोकॉपी देनी पड़ती हैः पुराने ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट (फोटो और वीज़ा वाले पृष्ठ) की दो दो फोटो कॉपियां, आवास रजिस्ट्रेशन फॉर्म की १ कॉपी।

कुछ अधिकारियों को अतिरिक्त दस्तावेज या फोटोकॉपीज़ की जरूरत पड़ सकती है।

**महत्वपूर्ण टिप्पणियां:**

अगर कोइ गाड़ी बिना किसी मान्य ड्राइविंग लाइसेंस के चलाई गई तो कोई ट्रैफिक एक्सिडैंट होने पर दायित्व बीमा से हताहति को मिलने वाली € ११.००० की राशि ड्राइवर या गाड़ी के मालिक से ली जा सकती है। एक गैर-इइए लाइसेंस अमान्य हो जाएगा अगर लाइसेंसधारी ऑस्ट्रिया का निवासी बनने के ६ महीने के भीतर ऑस्ट्रियन लाइसेंस नहीं लेता। अगर गाड़ी किसी दूसरे व्यक्ति को चलाने को दी गई है, तो गाड़ी के मालिक को सुनिश्चित करना होगा कि उस व्यक्ति के पास मान्य ड्राइविंग लाइसेंस हो। मोपेड चलाने के लिये मोपेड ड्राइविंग लाइसेंस की जरुरत होती है।

मोटर वाहन (१० किमी / घंटा से तेज चलने वाले पावर्ड वाहन या २५ किमी / घंटा से तेज चलने वाली ई-बाइक) का उपयोग केवल ऑस्ट्रिया की सड़कों पर तभी किया जा सकता है अगर वो प्राधिकरण के साथ रेजिस्टर्ड हों और उनपर लाइसेंस प्लेट लगी हो।

**वाहन रेजिस्टर करने के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्पणियां:**

- ऑस्ट्रिया में मुख्य आवास होने वाले व्यक्ति के नाम में ही कोई भी गाड़ी रजिस्टर कि जा सकती है ।
- बीमा (इंश्योरेंस) कंपनियों में रजिस्ट्रेशन ऑफिस (Zulassungsstellen) होते हैं जो कि

ÖAMTC

गाड़ियों के औपचारिक रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था के लिए जिम्मेदार हैं। गाड़ियां आपके मुख्य निवास के जगह पर ही रजिस्टर होनी चाहियेः यह वो जगह है जहां आप आम तौर पर रहते हैं (यह जरुरी है कि आप स्थानीय नगरपालिका अधिकारियों के पास जाकर एक निवासी के रुप में खुद को रजिस्टर करें।)

गाड़ी रजिस्टर करने के लिये आप को चाहिये:

- गाड़ी के कानूनी स्वामित्व का प्रमाण (जैसे कि खरिद या दान का करारनामा)
- दायित्व बीमा (Haftpflichtversicherung) लेने कि पुष्टि
- फोटो सहित एक मान्यनित परिचय पत्र (कृपया नोट करें: आवास अधिकार कार्ड (Aufenthaltsberechtigungskarte)/ व्हाइट कार्ड परिचय का प्रमाण नहीं है)
- गाड़ी रोड के लिये उचित और अच्छी मैकानिकल अवस्था में होनी चाहिए, इसिलिए एक मान्यनित टेकनिकल निरीक्षण प्रमाणपत्र ('§ 57a-Gutachten' एक अधिकृत गैरेज द्वारा या ÖAMTC द्वारा जारी)दिखाना होता है।
- गाड़ी का रजिस्ट्रेशन शुल्क लगभग € १९० है ।

**ऑस्ट्रिया में मुख्य निवास में बदलाव:**

यदि आप निवास बदलते हैं तो आपको स्थानीय रजिस्ट्रेशन ऑफिस मे सम्पर्क करना पड़ेगा, जो परिवर्तित रजिस्ट्रेशन कागजात जारी करेगें। अगर नया निवास किसी दूसरे प्राधिकार के इलाके में है तो गाड़ी को फिर से स्थानीय प्राधिकार में रजिस्टर करवाना पड़ेगा। हर स्थिति में आपको बीमा कंपनी को पता बदलने की सूचना देनी पड़ेगी।

ऊपर दी गई जानकारी ध्यानपूर्वक एकत्र कर प्रस्तुत की गई है, लेकिन हम इसकी सटीकता या पूर्णता की जिम्मेदारी नहीं ले सकते हैं।